पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123
www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक
# पर्वत प्रेरणा
निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 267 | हल्द्वानी | शनिवार, 2 मई 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8

## आखिरकार कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई मीना शर्मा

### विधायक शिव अरोड़ा की मौजूदगी में देहरादून भाजपा कार्यालय में ली पार्टी की सदस्यता, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**पर्वत प्रेरणा जिला संवाददाता**

**देहरादून/रूद्रपुर।** आखिरकार लंबी जद्दोजहद और चर्चाओं के बाद रुद्रपुर की पूर्व पालिका अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने आज विधिवत रूप से देहरादून स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से मुलाकात की, जहां उन्होंने पटका पहनकर मीना शर्मा को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। वही रुद्रपुर के भाजपा विधायक शिव अरोरा ने भी उन्हें भाजपा में शामिल होने पर शुभकामनाएं दी।



गौरतलब है कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा के बीच लंबे समय से अनबन चली आ रही थी। राजनीतिक तौर पर दोनों के बीच छत्तीस का आंकड़ा चल रहा था। भाजपा से निष्कासित होने के बाद ठुकराल अपनी राजनीतिक जमीन तलाश कर रहे थे और पिछले दिनों उन्होंने भी कांग्रेस की विधिवत सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जिसको लेकर मीना शर्मा कांग्रेस से खासी नाराज चल रही थी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि कांग्रेस के जिस मंच पर ठुकराल होंगे वह कभी भी उसे मंच को सांझा नहीं करेंगी । ऐसे में ठुकराल के कांग्रेस में आने के बाद भी शहर में कांग्रेस की गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही थी। पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मानी जाती रही हैं । उन्होंने रुद्रपुर विधानसभा सीट से भी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और कई दशकों से वह एक समर्पित कांग्रेसी होकर पार्टी हित में काम कर रही थी, लेकिन ठुकराल के कांग्रेस में आते ही उनका धीरे-धीरे कांग्रेस से मोह भंग होता चला गया और आज उन्होंने देहरादून पहुंचकर विधिवत रूप से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। ऐसे में अब आने वाले दिनों में रुद्रपुर की राजनीति किस करवट बैठेगी यह आने वाला समय बताएगा।

इस दौरान उनके साथ अनिल शर्मा, हरीश जलहोत्रा, गुरदीप गाबा सहित तमाम भाजपाई मौजूद थे। मीना के भाजपा में शामिल होने के बाद शहर में राजनीतिक जानकार अभी से 2027 के चुनावों का समीकरण जोड़ने लगे हैं। अब देखना यह होगा कि आने वाले समय में रूद्रपुर विधान सभा सीट पर किसका बर्चस्व बड़ेगा। इसका भी गणित लोग अभी से लगाने लग गये हैं।

## एक नजर

### नुकसान का जायजा लेने वर्षा प्रभावित क्षेत्र में पहुंची प्रशासनिक टीम



**बाराकोट।** एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर के निर्देश पर गुरुवार को बाराकोट ब्लॉक के बर्दाखान क्षेत्र में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए राजस्व, कृषि व उद्यान विभाग की टीमो को क्षेत्र में भेजा गया। जहां टीम के द्वारा आली बिसराड़ी में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। एसडीएम नीतू डांगर ने बताया टीमें फसलों व अन्य नुकसान का जायजा लेंगी आज भी टीम अन्य क्षेत्रों में नुकसान का आकलन करेंगी। एसडीएम बताया जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मुआवजा की कार्रवाई की जाएगी। कहा क्षेत्र की बंद पड़ी सभी सड़कों को खुलवा दिया गया है। यातायात पूर्णतया सुचारू है।

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जीवन लाल वर्मा का निधन



**कालाढूंगी।** कालाढूंगी निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित जीवन लाल वर्मा के निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त किया है। जीवन लाल वर्मा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों में शुमार किए जाते थे और लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े हुए थे। बताया जाता है कि जीवन लाल वर्मा स्वभाव से बेहद मिलनसार, सरल और समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे। वह धार्मिक, सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन पर नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने उनके निवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया, एवं गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा पूर्व अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, पूर्व अध्यक्ष दीप चंद्र सती, कांग्रेस नगर अध्यक्ष वकील अहमद, संतोष पांडे, ताहिर कादरी सहित दीवान सिंह बिष्ट, जाहिद हबीबी, विनोद कुमार गोयल, मेहमूद हसन बंजारा, अली हुसैन, पुष्कर खानायत, राकेश गोयल, दीनू सती, मनोज अधिकारी, नसीर बाबा सहित अनेक लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## ध्रुव रौतेला ने अपने नए कार्यालय का किया उद्घाटन



**हल्द्वानी।** आवास विकास स्थित मीडिया सेंटर में आज ध्रुव रौतेला, उपाध्यक्ष मीडिया सलाहकार समिति उत्तराखण्ड ने अपने नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, पत्रकार व मीडिया प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने रौतेला को नए कार्यालय के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी का आभार प्रकट करते हुए श्री रौतेला ने कहा कि यह कार्यालय जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और मीडिया गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहयोग आगे भी मिलता रहेगा, जिससे समाजहित में बेहतर कार्य किए जा सकेंगे।

## नितिन नवीन का दौरा टला, 5 राज्यों की मतगणना के बाद तय होगी नई तारीख

**देहरादून।** उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का प्रस्तावित दौरा फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अब यह दौरा पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद नई तिथि के साथ आयोजित किया जाएगा। राज्य में इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने की कोशिश की जा चुकी है। अब पार्टी संगठन अगले चरण में चुनावी रणनीति को धार देने की तैयारी में जुट गया है। 70 सीटों पर मंथन, उम्मीदवारों पर होगा फोकस प्रस्तावित तीन दिवसीय दौरे के दौरान प्रदेश की सभी 70



विधानसभा सीटों पर गहन समीक्षा की जाएगी। इसमें वर्तमान विधायकों के प्रदर्शन, दोबारा टिकट देने की संभावनाओं और नए दावेदारों के चयन पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही, कुछ सीटों पर अन्य दलों के प्रभावशाली नेताओं को पार्टी में शामिल कर टिकट देने की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा। कोर कमेटी और संगठनात्मक बैठकों का दौर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास के दौरान मंडल से लेकर प्रदेश स्तर तक कई अहम बैठकें प्रस्तावित हैं। बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में होने वाली कोर ग्रुप बैठक में मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। 2027 चुनाव की रणनीति पर होगा फोकस बैठकों में राज्य के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य का विश्लेषण, विधानसभा-वार तैयारियों की समीक्षा और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभाव का आकलन किया जाएगा। इसके अलावा, संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक सुझाव भी दिए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा भाजपा के लिए आगामी चुनावी दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है,

## गैस सिलेंडर कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, थाली बजाकर

### प्रदर्शनकारियों ने कीमतों में हुई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने की मांग रखी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर।** कमर्शियल और छोटे गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर रुद्रपुर में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इंडेन गैस एजेंसी के सामने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने थाली बजाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कमर्शियल सिलेंडर में 993 रुपये और छोटे सिलेंडर में 261 रुपये की बढ़ोतरी ने व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट और ठेले जैसे छोटे व्यवसाय इस बढ़ोतरी से गंभीर संकट में आ सकते हैं। पहले से बढ़ती महंगाई के बीच अब यह फैसला छोटे और मध्यम वर्गीय कारोबारियों के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने यह भी कहा कि गैस की कीमतों में इजाफे का असर सीधे तौर पर आम जनता पर पड़ेगा और खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे, जिससे हर वर्ग प्रभावित होगा। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से कीमतों में हुई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने की मांग की है। कहा कि सरकार हर बार महंगाई के मामले में आम जनता की



कमर तोड़ने पर लगी हुई है। जिसका खामियाजा आने वाले चुनावों में भाजपा सरकार को भुगतना पड़ेगा। चेतावनी दी गई कि मांग पूरी न होने पर व्यापारी और कांग्रेसी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर मोहन खेड़ा, गौरव खुराना, इंद्रजीत सिंह, उमा सरकार, दिनेश पंत, बाबू खां, अर्जुन विश्वास और सुहैल खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## ट्रांस-अटलांटिक रिश्तों में दरार: क्या बदल रहा है वैश्विक संतुलन ?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के बीच हालिया बयानबाज़ी ने एक बार फिर यह संकेत दे दिया है कि ट्रांस-अटलांटिक संबंध अब पहले जैसे सहज और स्थिर नहीं रहे। यह विवाद केवल व्यक्तिगत टिप्पणियों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि उन गहरे रणनीतिक मतभेदों का प्रतिबिंब है जो अमेरिका और यूरोप के बीच धीरे-धीरे उभर रहे हैं। ईरान संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और नाटो की भूमिका जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की सोच में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।

ट्रंप जहां एक आक्रामक और एकतरफा नीति के पक्षधर हैं, वहीं जर्मनी बहुपक्षीय कूटनीति और सामूहिक सुरक्षा के ढांचे में समाधान तलाशने पर जोर देता है। यही मूल अंतर आज टकराव का कारण बन रहा है। ट्रंप द्वारा जर्मनी में तैनात अमेरिकी सैनिकों की संख्या घटाने की बात महज एक सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। यह संकेत है कि अमेरिका अब अपने सहयोगियों से अधिक स्पष्ट समर्थन और अपने हितों के अनुरूप व्यवहार की अपेक्षा कर रहा है। दूसरी ओर, जर्मनी इस दबाव के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है,एक तरफ उसे अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बनाए रखना है, तो दूसरी ओर घरेलू राजनीतिक दबावों और यूरोपीय अपेक्षाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू यूरोप की बदलती रणनीतिक सोच भी है। जर्मनी सहित कई यूरोपीय देश अब रणनीतिक स्वायत्तता की दिशा में बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम कर सकें। हालांकि, यह प्रक्रिया अभी शुरुआती चरण में है और वास्तविकता यह है कि यूरोप आज भी अमेरिकी सैन्य और खुफिया सहयोग पर काफी हद तक निर्भर है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप का यह रुख नया नहीं है। वे पहले भी सहयोगियों पर दबाव बनाने के लिए सैन्य और आर्थिक साधनों का उपयोग करते रहे हैं। ऐसे में जर्मनी के साथ उनका यह टकराव एक व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा सकता है, जिसमें अमेरिका अपने वैश्विक नेतृत्व को पुनर्परिभाषित करने की कोशिश कर रहा है। बहरहाल, यह विवाद केवल अमेरिका और जर्मनी तक सीमित नहीं है। इसके प्रभाव पूरे यूरोप और वैश्विक शक्ति संतुलन पर पड़ सकते हैं। यदि यह तनाव और बढ़ता है, तो इसका असर नाटो की एकजुटता पर भी पड़ सकता है, जो अब तक पश्चिमी सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ रहा है। यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या अमेरिका और यूरोप अपने मतभेदों को सुलझाकर एक मजबूत साझेदारी बनाए रख पाएंगे, या फिर यह दरार भविष्य में एक बड़े भू-राजनीतिक परिवर्तन का संकेत बनेगी। आने वाले समय में यही तय करेगा कि वैश्विक राजनीति में सहयोग की भूमिका मजबूत होगी या प्रतिस्पर्धा की।

# श्रमिक दिवस पर रुद्रपुर में चलाया भव्य सेवा अभियान

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक (मजदूर) दिवस के अवसर पर जनसेवक एवं भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में रुद्रपुर स्थित गांधी पार्क के समीप एक भव्य जनसेवा एवं श्रमिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रमिक वर्ग के सम्मान, उनके अथक परिश्रम एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को नमन करते हुए जरूरतमंद, असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच भंडारा एवं मिष्ठान वितरण किया गया। यह आयोजन केवल एक सेवा कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानवता, सहयोग, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी संदेश देने वाला एक सशक्त अभियान बनकर उभरा। बड़ी संख्या में श्रमिकों एवं जरूरतमंदों ने इस सेवा का लाभ प्राप्त किया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण सेवा, सम्मान और समर्पण की भावना से ओतप्रोत रहा।कार्यक्रम का उद्देश्य मात्र भोजन वितरण करना नहीं था, बल्कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहयोग, संवेदना और सेवा



की भावना पहुंचाना था। इस पहल ने यह स्पष्ट किया कि सेवा ही समाज को जोड़ने, सशक्त बनाने और सकारात्मक परिवर्तन लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर जनसेवक प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मजदूर वर्ग हमारे समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। उनके श्रम, संघर्ष और समर्पण से ही विकास की नई इबारत लिखी जाती है। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान करना और उनके हितों के लिए कार्य करना हम सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है।उन्होंने कहा श्रमिक दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम श्रमिकों के सम्मान के साथ-साथ जरूरतमंदों, असहायों और वंचित वर्ग की सहायता के लिए भी सदैव आगे रहें। यही सच्चे अर्थों में मानव सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा है।कार्यक्रम को विशेष बनाते हुए हरीश जैन एवं श्रीमती कुसुम जैन, अंकित अग्रवाल एवं खुशबू अग्रवाल ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को समाजसेवा को समर्पित करते हुए जरूरतमंदों के बीच भोजन एवं मिष्ठान वितरण कर मनाई। उनका यह सराहनीय कदम उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और समाज के प्रति संवेदनशीलता एवं सेवा भावना का सशक्त संदेश दे गया।इस जनहितकारी कार्यक्रम में संस्कार भारती के संरक्षक कुशल अग्रवाल, उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, सुनील पचौरी, नितिन अग्रवाल, एडवोकेट दीपिका मित्तल, एडवोकेट मनीष मित्तल, एडवोकेट पूजा मित्तल, राजेश गुप्ता, जतिन अग्रवाल, ममता खाती, दीक्षा अधिकारी, जतिन अग्रवाल, डॉ. ओ. पी. महाजन, एडवोकेट कैलाश गुप्ता, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, श्रीमती शीला चौधरी, श्रीमती सरोज चौहान, साधू सिंह कारकी, रामकुमार यादव, राजेश गुप्ता, योगेश चौहान, अनंत विश्नोई, अशोक यादव, देवेंद्र शर्मा एवं वीरेंद्र शर्मा ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# लाखों की स्मैक समेत तीन शातिर तस्कर गिरफ्तार

004 पर्वत प्रेरणा संवाददाता

रुद्रपुर - एसएसपी अजय गणपति के निर्देशानुसार जनपद में ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। कोतवाली जसपुर पुलिस व कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस की दो अलग अलग कार्यवाहियों से बड़ी सफलता मिली है।कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा गश्त के दौरान दो अलग-अलग कार्यवाहियों में 02 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें जयविन्दर कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी नहर पार झाल के पास मंडवाखेड़ा, कोतवाली जसपुर को 06.90 ग्राम स्मैक और राजेन्द्र कुमार पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी मोहल्ला नत्था सिह जसपुर को मोटरसाइकिल से स्मैक का परिवहन



करते हुए 10.25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस टीम द्वारा शिवनगर रोड, स्कूल के सामने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 11.51 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त सुमित पुत्र जगदीश निवासी वार्ड नं0 10 ठाकुरनगर, पिंटू डॉक्टर के घर के पीछे, थाना ट्रांजिट कैम्प, जनपद ऊधमसिंहनगर है ।

# आयकर रिटर्न प्रारूप जारी न होने से करदाता व अधिवक्ता परेशान

**रामनगर।** कर निर्धारण वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न का प्रारूप अब तक जारी न होने से करदाता और अधिवक्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सामान्यत: हर वर्ष 1 अप्रैल तक रिटर्न फॉर्म जारी कर दिए जाते हैं, लेकिन इस बार हो रही देरी के कारण लोगों को विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकिंग सेवाओं, लोन प्रोसेसिंग और आय प्रमाण से जुड़े कई आवश्यक कार्य इस देरी से प्रभावित हो रहे हैं, जिससे करदाताओं की चिंता बढ़ गई है। टैक्स बार एसोसिएशन, रामनगर के अध्यक्ष पूरन पांडे ने बताया कि रिटर्न फॉर्म समय पर जारी न होने से करदाताओं में भ्रम की स्थिति है। लोग लगातार जानकारी के लिए संपर्क कर रहे हैं, लेकिन स्पष्ट दिशा-निर्देश के अभाव में अधिवक्ताओं को भी असुविधा हो रही है। वहीं एसोसिएशन के उपसचिव मनु अग्रवाल ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही का टीडीएस रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित है। ऐसे में यदि टीडीएस डेटा समय पर अपडेट नहीं होता, तो रिफंड और कर निर्धारण की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। टैक्स बार एसोसिएशन, रामनगर ने इस देरी पर गहरा रोष व्यक्त किया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि आयकर रिटर्न का प्रारूप 1 अप्रैल 2026 तक जारी हो जाना चाहिए था, लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने के बावजूद इसे जारी नहीं किया गया है। इस स्थिति के कारण कई करदाताओं के बैंकिंग और वीजा संबंधी कार्य अटक गए हैं, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है। अधिवक्ताओं ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब अप्रैल से जुलाई तक रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा निर्धारित है, तो प्रारूप में देरी उचित नहीं है। समस्या के समाधान के लिए एसोसिएशन ने आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 सितंबर करने की मांग की है, ताकि करदाताओं को पर्याप्त समय मिल सके और वे बिना दबाव के अपनी रिटर्न प्रक्रिया पूरी कर सकें।

करदाताओं ने भी विभाग से शीघ्र रिटर्न प्रारूप जारी करने की मांग की है, ताकि वे समय पर अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकें और संभावित पेनल्टी से बच सकें। इस मुद्दे को लेकर अधिवक्ताओं की एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रबल बंसल, भूपाल रावत, फिरोज अंसारी, मनोज अग्रवाल, लईक अहमद, नावेद सैफी और गुलरेज़ रज़ा उपस्थित रहे।

# बैलपड़ाव में कार्यकर्ताओं ने मनाया सांसद का जन्मदिन



**कालाढूंगी।** बैलपड़ाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नैनीताल-ऊधम सिंह नगर के लोकप्रिय सांसद अजय भट्ट जी का जन्मदिन मिष्ठान वितरण कर बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने सांसद की दीर्घायु एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना करी ।

इस दौरान कोटाबाग प्रधान संगठन अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बोहरा, प्रधान प्रतिनिधि सुरजीत सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मलकित सिंह, प्रधान प्रतिनिधि गणेश छिम्वाल, बूथ अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, प्रधान लोकेश आर्या, भाजपा कार्यकर्ता विपिन बिष्ट, चन्दन बिष्ट,हर्षित छिम्वाल, पृथ्वीराज सिंह बोहरा आदि मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

**हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।**

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

**प्रिय स्नेही जन**

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते है। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# 1252 करोड़ की मंजूरी:कुम्भ-2027

### गंगा कॉरिडोर और विकास योजनाओं को रफ्तार

**देहरादून।** पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए रू1252 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इन फैसलों में कुम्भ मेला 2027 की तैयारियों, गंगा कॉरिडोर, सड़क, शिक्षा, पर्यटन, पेयजल और आपदा प्रबंधन से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के तहत त्रिवेणी घाट के पुनरुद्धार के लिए रू115 करोड़ तथा हरिद्वार गंगा कॉरिडोर में हर की पौड़ी के नॉर्थ री-डेवलपमेंट हेतु रू69.06 करोड़ की स्वीकृति दी है। जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी झील के चारों ओर रिंग रोड परियोजना के लिए भूमि मुआवजा, वन भूमि हस्तांतरण और अन्य मदों में कुल मिलाकर करोड़ों रुपये की धनराशि जारी की गई है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला क्षेत्र में एस्ट्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इग्लू डोम हट्स निर्माण हेतु रू4.67 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।

शिक्षा क्षेत्र में समग्र शिक्षा योजना के तहत रू446 करोड़ तथा 21 अशासकीय महाविद्यालयों के लिए रू77.69 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। इसके अलावा चम्पावत और देहरादून में पार्किंग, पुलिस आवास और बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है। राज्य के सभी 70 विधायकों को विधायक निधि के तहत रू5 करोड़ प्रति विधायक के हिसाब से कुल रू350 करोड़ जारी किए गए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी। हरिद्वार में पेयजल, सड़क सुधार और विद्युत लाइन शिफ्टिंग के लिए भी अलग से धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही राज्य के सभी जिलों में आपदा न्यूनीकरण के लिए प्रति जनपद रू1 करोड़ की दर से कुल रू13 करोड़ जारी किए गए हैं। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं से राज्य में आधारभूत ढांचा मजबूत होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और आपदा प्रबंधन प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी।

## भाजपा नेता मित्तल ने हल्द्वानी पहुंचकर सांसद भट्ट को दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं



**पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर** - पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नैनीताल-ऊधमसिंहनगर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं जनप्रिय सांसद अजय भट्ट के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने हल्द्वानी पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की इस अवसर पर प्रमोद मित्तल ने कहा कि अजय भट्ट का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, दृढ़ नेतृत्व एवं जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण उन्हें जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय बनाता है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनहित को सर्वोपरि रखते हुए क्षेत्र के विकास एवं आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य किया है प्रमोद मित्तल ने कहा कि श्री भट्ट के मार्गदर्शन में नैनीतालङ्कऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी विकास कार्य संपन्न हुए हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है उन्होंने आगे कहा कि अजय भट्ट एक कुशल संगठक, दूरदर्शी नेता एवं संवेदनशील जनप्रतिनिधि हैं, जिन्होंने सदैव जनता के विश्वास को कायम रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों की रक्षा की है। उनका नेतृत्व न केवल क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर प्रमोद मित्तल ने ईश्वर से प्रार्थना की कि अजय भट्ट को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर ऊर्जा प्रदान करें, ताकि वे इसी प्रकार जनसेवा के पथ पर अग्रसर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देते रहें।

# निजी स्कूलों पर प्रशासन सख्त:17 विद्यालयों को नोटिस

### महंगी किताबों और अवैध शुल्क पर कार्रवाई

**हल्द्वानी/नैनीताल।** जनपद में शिक्षा के नाम पर हो रही मनमानी पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए 17 निजी विद्यालयों को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देश पर की गई है। मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि कई विद्यालय एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से इतर महंगी निजी प्रकाशनों की पुस्तकें अनिवार्य कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा कुछ स्कूलों द्वारा अभिभावकों को तय दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य करने की शिकायतें भी सामने आई हैं। प्रशासनिक जांच में



यह भी पाया गया कि कई कक्षाओं में पुस्तकों की संख्या आवश्यकता से कहीं अधिक रखी गई है और स्कूलों की वेबसाइट पर फीस व बुक लिस्ट जैसी अनिवार्य जानकारी भी उपलब्ध नहीं है। प्रशासन ने इन कृत्यों को राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों तथा कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 का उल्लंघन माना है। नोटिस प्राप्त करने वाले विद्यालयों में हल्द्वानी, रामनगर और भीमताल क्षेत्र के कई प्रमुख निजी स्कूल शामिल हैं। प्रशासन ने सभी स्कूलों को 15 दिन के भीतर संशोधित बुक लिस्ट जारी करने, केवल आवश्यक व एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों को लागू करने, किसी भी वेंडर/दुकान की अनिवार्यता समाप्त करने और फीस व बुक लिस्ट को वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अतिरिक्त वसूली गई राशि को समायोजित या वापस करने को भी कहा गया है। निर्देशों का पालन न करने पर मान्यता निलंबन या समाप्ति, जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा संयुक्त जांच समिति द्वारा 15 दिन के भीतर विद्यालयों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को अभिभावकों के हित में अहम कदम माना जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

## आरएएन किड्स मे धूमधाम से मनाया मदर्स डे



**पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर** - आर.ए.एन. किड्स के प्रांगण में मदर्स डे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों श्रीमती बिंदु वासिनी, श्रीमती शादाब बानू और प्रधानाचार्या श्रीमती मुक्ता शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय की एडवाइजर श्रीमती रेखा कर्नाटक ने सभी अतिथियों व मातृगण का स्वागत किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी। मातृगण के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जैसे डांस, संगीत, पोस्टरकला, मेहंदी, फैशन शो, सलाद डेकोरेशन, बेस्ट आउट ऑ? वेस्ट, टैटू मेकिंग, अन्ताक्षरी (मेरी आवाज सुनो) खुल जा सिमसिम आदि। विद्यालय की एडवाइजर श्रीमती रेखा कर्नाटक ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही मातृगण को पुरस्कार भी वितरित किए गए। अंत में विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस श्रीमती गरिमा घई ने सभी का धन्यवाद किया।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ व्यापार मंडल का विरोध

**हल्द्वानी।** मजदूर दिवस के दिन सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल, उत्तराखंड ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। संगठन ने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता और व्यापारी वर्ग के साथ छल कर रही है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी भुवन भट्ट ने बताया कि 1 मई 2026 को कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में लगभग ?993 तक की वृद्धि ने आम जनता, छोटे व्यापारियों, फड़ एवं ठेला संचालकों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ती महंगाई का सीधा असर जनता की थाली पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के तुरंत बाद इस तरह कीमतों में इजाफा होना आश्चर्यजनक नहीं है, लेकिन इससे लोगों की जेब पर भारी बोझ पड़ना तय है। तरुण वानखेड़े ने कहा कि गैस महंगी होने से होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित होंगे। बाहर खाना महंगा होगा, जिससे ग्राहकों की संख्या घट सकती है और व्यापारियों का मुनाफा कम होगा। वहीं सीमा बत्रा ने प्रवासी मजदूरों और गरीब फड़ कारोबारियों की चिंता जताते हुए कहा कि 5 किलो वाले छोटे सिलेंडरों की कीमत बढ़ने से छात्रों और मजदूरों के रहने और खाने का खर्च भी बढ़ गया है, जो उनके लिए गंभीर समस्या है। तेज सिंह कार्की ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गैस के दाम बढ़ने से केवल ईंधन ही नहीं, बल्कि खाने-पीने की सभी वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। ज्योति अवस्थी ने महंगाई को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए इसे चुनाव का तोहफा बताया और कहा कि सरकार को अच्छे दिन का वादा याद रखना चाहिए। संजय त्यागी ने आरोप लगाया कि तेल कंपनियों के साथ मिलकर जनता की जेब काटी जा रही है और कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं।



वहीं संजय बिष्ट ने कहा कि व्यापारी वर्ग पहले ही कई प्रकार के टैक्स से परेशान है और अब गैस सिलेंडर की महंगाई ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इसका बोझ अंततः आम जनता पर ही पड़ेगा। सरकार की ओर से कहा गया है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण हुई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि कमर्शियल सिलेंडर की खपत कुल गैस उपयोग का 10त्न से भी कम है।

## मसूरी में सैलानियों की सुरक्षा से खिलवाड़, बिना अनुमति चल रहा रेंजर झूला सील



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**मसूरी।** पहाड़ों की रानी मसूरी में सैलानियों की सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। माल रोड स्थित झूलाघर में संचालित रेंजर झूला बिना जरूरी सुरक्षा दस्तावेजों के चलाया जा रहा था, जिसे नगर पालिका ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए सील कर दिया। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार, झूला संचालक से कई बार सुरक्षा से जुड़े आवश्यक कागजात मांगे गए थे, लेकिन वह उन्हें प्रस्तुत नहीं कर सका। ऐसे में किसी भी संभावित हादसे को देखते हुए झूले का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। पालिका अधिशासी अधिकारी गौरव भासिन ने स्पष्ट किया कि पर्यटकों की जान जोखिम में डालने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर भी सुरक्षा मानकों को लेकर चर्चा तेज हो गई है और प्रशासन अब अन्य झूलों व मनोरंजन साधनों की भी जांच करने की तैयारी में है।

# बनबसा-नेपाल सीमा में नोएडा का वांछित

**चंपावत।** थाना बनबसा पुलिस टीम, सीमा सुरक्षा बल एवं उत्तर प्रदेश पुलिस व एसओजी टीम द्वारा संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए ग्रेटर नोएडा के दो गंभीर धोखाधड़ी मामलों में वांछित अभियुक्त को बनबसा–नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से फर्जी दस्तावेज, कई मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं नकदी बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त सत्येन्द्र सिंह भसीन पुत्र जसवन्त सिंह भसीन पश्चिमी दिल्ली का रहने वाला है।थाना बनबसा पुलिस टीम शारदा बैराज क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी नोएडा पुलिस की विशेष टीम से महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई कि वांछित अभियुक्त नेपाल भागने की फिराक में है। कैनाल गेट चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन की तलाश की गई।

इसी बीच नेपाल से लौट रही संदिग्ध इनोवा कार को शारदा बैराज पुल के पास रोका गया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सत्येन्द्र सिंह भसीन के रूप में बताई, जो नोएडा के धोखाधड़ी मामलों में वांछित था। आरोपी से पुलिस ने04 फर्जी आधार कार्ड , आईपैड, 04 मोबाइल फोन,01 पेन ड्राइव, पावर बैंक, डायरी तथा 30,540/रुपया बरामद किया।अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर द्वारा पूर्व से जारी गैर–जमानती वारंट भी लंबित पाया गया।गिरफ्तारी के दौरान सभी विधिक प्रक्रियाओं एवं सर्वोच्च न्यायालय/मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन किया गया। अभियुक्तों को संबंधित थाना बीटा–2, ग्रेटर नोएडा भेजा जा रहा है, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त अभियान ने अंतर्राज्यीय अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सजगता और प्रभावी समन्वय को प्रदर्शित किया है।

बनबसा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां निरंतर सतर्क हैं और सीमा पार अपराधों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# डीएम के निर्देश पर बाराकोट टैक्सी स्टैंड में में जलभराव की समस्या का समाधान



**लोहाघाट।** नगर में बीते दिवस हुई मूसलाधार वर्षा के चलते बाराकोट टैक्सी स्टैंड के समीप उत्पन्न जलभराव की समस्या का जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद लोहाघाट द्वारा बंद पड़ी नाली की तत्काल सफाई करवा दी गई है, जिससे क्षेत्र में जल निकासी सुचारु हो गई है और सड़क पर जमा पानी पूरी तरह हट गया है। इसके परिणामस्वरूप टैक्सी चालकों, यात्रियों एवं आम राहगीरों को हो रही परेशानी से राहत मिली है।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देशित किया गया है कि मार्ग पर बने गड्ढों को शीघ्र भरने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# फोर्ती वन पंचायत में बन तस्करों ने देवदार के पेड़ों पर चलाई आरी



**लोहाघाट।** नगर से सटी वन पंचायत फोर्ती में बन तस्करों के द्वारा देवदार के पेड़ों में बेदर्दी से आरी चलाई गई है। अज्ञात बन तस्करों के द्वारा देवदार के बहुमूल्य पेड़ काट दिए हैं। जानकारी के मुताबिक देवदारों के पेड़ों को काटकर बेचने का खेल लंबे समय से चल रहा है और वन विभाग को इसकी कानों कान खबर तक नहीं है। बन तस्करों के द्वारा पेड़ों के गिल्टो को जंगल में ही छुपाया गया था। जानकारी के मुताबिक 4 से 5 देवदार के पेड़ काटे गए पूर्व में भी कई पेड़ कट चुके हैं। शुक्रवार को बड़ी तादाद में देवदार के पेड़ों के कटने की जानकारी मिलते ही लोगों में आक्रोश फैल गया है। लोगों ने प्रशासन से बन तस्करों का पता लगाकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा इतनी बड़ी संख्या में लोहाघाट क्षेत्र में देवदार के पेड़ काटे जा रहे है। मामले में पर्यावरण प्रेमियों ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा देवदार लोहाघाट क्षेत्र की शान और खूबसूरती है पर कुछ लोगों के द्वारा अपने फायदे के लिए इन पर बेदर्दी से आरिया चलाई जा रही है। देवदार काटने की घटना से लोगों में गहरी नाराजगी है ।लोग कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। लोगों ने कहा जबकि पेड़ों की सुरक्षा के लिए वन पंचायत व सरपंच का गठन किया जाता है और उसके बावजूद मिली भगत से इस प्रकार बहुमूल्य पेड़ों को काटा जा रहा है।मामले में लोहाघाट रेंजर एन0डी पांडे ने कहा घटना की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और लकड़ी को कब्जे मे ले लिया गया है। कहा घटना की जांच की जाएगी और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई वन विभाग के द्वारा अमल में लाई जाएगी।मालूम हो पूर्व में भी लोहाघाट के भेड़ खान लोहाघाट नगर क्षेत्र में बन तस्करों के द्वारा खुले आम सात देवदार के पेड़ काट डाले थे पर मामला ठंडे बस्ते में चला गया मामले में कुछ अधिकारियों के नाम भी चर्चाओं में रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया है।

# घनसाली में बड़ा हादसा- ट्रक पलटा, सड़क बंद होने से यातायात प्रभावित

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता,**



**टिहरी गढ़वाल।** जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली क्षेत्र में जाखधारङ्कपौखाल मार्ग (एनएच–707) पर एक सीमेंट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मार्ग को सुचारू करने के प्रयास शुरू कर दिए। हालांकि, ट्रक के सड़क पर पलट जाने के कारण आवाजाही फिलहाल प्रभावित है और मार्ग खोलने का कार्य जारी है। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया है। चंबा से मलेथा जाने वाले वाहनों को टिपरी होते हुए हिंडोलाखाल के रास्ते देवप्रयाग भेजा जा रहा है। वहीं मलेथा से चंबा–टिहरी की ओर आने वाले वाहनों को भी देवप्रयाग की ओर मोड़ा गया है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही मार्ग को पूरी तरह खोल दिया जाएगा।

# गुड़मागल में ओलावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर टमाटर की फसल हुई तबाह।



**चंपावत।** जिले में मौसम की मार अब किसानों पर भारी पड़ती नजर आ रही है लगातार हो रही मूसलाधार बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। शुक्रवार शाम को ब्लॉक के सीमांत गुड़मागल क्षेत्र में हुई भारी ओलावृष्टि ने फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। गुड़मांगल की ग्राम प्रधान रीता सिंह ने बताया आज शुक्रवार शाम 4:00 के लगभग हुई भारी ओलावृष्टि ने गांव के धोन तोक में विमल सिंह और भरत सिंह की लगभग पांच नाली में की गई टमाटर की खेती को पूरी तरह नष्ट कर दिया जिसके चलते दोनों किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है तथा उनकी मेहनत पूरी तरह बर्बाद हो गई है। ग्राम प्रधान ने बताया दोनों ग्रामीणों ने बड़ी मेहनत से टमाटर की खेती की थी पर ओलो ने उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। जिस कारण अब यह किसान काफी मायूस है। ग्राम प्रधान रीता सिंह ने प्रशासन से ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। कुल मिलाकर आफत की बारिश और ओले किसानों पर भारी पड़ते नजर आ रहे है।

# आस्था पर आघात:गंगा घाट पर कुत्ते को नहलाने और मछलियां मारने की घटनाओं से बढ़ा आक्रोश



**हरिद्वार।** धर्मनगरी में गंगा तट पर हाल ही में हुई दो घटनाओं ने धार्मिक आस्थाओं और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर जहां हर की पैडी घाट के समीप एक महिला द्वारा अपने पालतू कुत्ते को गंगा में नहलाने को लेकर विवाद हुआ, वहीं दूसरी ओर गंग नहर क्षेत्र में कुछ युवकों द्वारा मछलियों को डंडों से मारते हुए देखा गया। इन दोनों घटनाओं ने स्थानीय लोगों और धार्मिक संगठनों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार को हरियाणा और दिल्ली से आई एक महिला अपने पालतू कुत्ते के साथ हर की पैड़ी पहुंची। स्नान से पहले उसने कुत्ते को गंगा में नहलाना शुरू कर दिया। जब वहां मौजूद लोगों और व्यवस्थापकों ने इसका विरोध किया, तो महिला उनसे उलझ पड़ी। बताया जा रहा है कि विवाद के बावजूद उसने कुत्ते को नहलाया और लोगों को चुनौती देते हुए वहां से चली गई। हैरानी की बात यह रही कि इस दौरान मौके पर मौजूद जिम्मेदार तंत्र की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। इसी बीच, गंग नहर के एक अन्य हिस्से में, जहां इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है, कुछ युवक खुलेआम डंडों से मछलियां मारते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये युवक झुग्गी–झोपड़ी क्षेत्र से थे और उन्होंने रोकने पर लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस घटना को भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया जा रहा है। गौरतलब है कि हरिद्वार को एक पवित्र धार्मिक क्षेत्र माना जाता है, जहां शराब, मांस और अन्य व्यसनों पर प्रतिबंध है। ऐसे में गंगा घाटों पर इस प्रकार की गतिविधियां न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को भी आहत करती हैं। कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के नजदीक आते समय इस तरह की घटनाएं प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती हैं। धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए और गंगा घाटों की गरिमा बनाए रखने के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# हरखेड़ा में मलवा हटा लोहाघाट पंचेश्वर मार्ग चालू



**लोहाघाट।** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार लोहाघाट पंचेश्वर सड़क पर हरखेड़ा के समीप शुक्रवार को हुई। भारी बारिश के कारण आए मलवे से बाधित यातायात को त्वरित कार्रवाई करते हुए पुनः सुचारु कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग लोहाघाट हितेश कांडपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा के चलते सड़क पर अचानक मलवा आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया था। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सूचना प्राप्त होते ही विभागीय टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया तथा जेसीबी मशीन की सहायता से मलवा हटाकर सड़क को शीघ्र ही यातायात के लिए खोल दिया गया। वर्तमान में मार्ग पूरी तरह सुचारु है तथा आवागमन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।

# हल्द्वानी के एक निजी विद्यालय पर उसी स्कूल में रहे शिक्षक ने लगाये आरोप

**हल्द्वानी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए शहर के दमुवाढूंगा स्थित निजी स्कूल के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई है। स्कूल के एक पूर्व शिक्षक ने सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून को भेजे पत्र में ऐसे आरोप लगाए हैं, जो परीक्षा की निष्पक्षता पर सीधे चोट करते हैं। सबसे बड़ा आरोप यह है कि 25 फरवरी को आयोजित परीक्षा में उसी स्कूल के एक शिक्षक को उसी केंद्र पर ड्यूटी दे दी गई, जहां उनकी अपनी बेटी परीक्षा दे रही थी। यदि यह सच है, तो यह न केवल सीबीएसई के नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। इसके अलावा, शिकायत में आर्थिक अनियमितता का भी मुद्दा उठाया गया है। सीबीएसई द्वारा कंपार्टमेंट/सुधार परीक्षा के लिए प्रति विषय रुपये 320 शुल्क तय है, लेकिन आरोप है कि स्कूल ने छात्रों से रुपये 350 वसूले। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि विद्यालय की प्रधानाचार्य स्वयं क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं, जिससे स्कूल के संचालन और जवाबदेही को लेकर भी संदेह गहराता है। इन गंभीर आरोपों के बीच जब स्कूल प्रबंधन से पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उनका कहना है कि उन पर लगाये गये सभी आरोप निराधार हैं, शिकायतकर्ता द्वारा आरटीआई के तहत जो भी जवाब मांगा गया था वह उन्हें दे दिया गया है। जहां तक सवाल है कि क्षेत्र पंचायत सदस्य होने का इसके लिए उन्होंने स्कूल कार्य से अलग समय निकालकर समाज सेवा का जज्बा उठाया है।

# जिले में पेट्रोल की आपूर्ति पूर्णत:सामान्य, अफवाहों से बचें: जिला पूर्ति अधिकारी



**लोहाघाट।** जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर मांग के अनुरूप पेट्रोल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कहीं भी पेट्रोल की कमी की स्थिति नहीं है तथा आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि पूर्ति विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। यदि किसी स्थान पर तकनीकी या अस्थायी कारणों से वितरण में क्षणिक व्यवधान आया भी है, तो उसे तत्काल प्रभाव से ठीक कर आपूर्ति सुचारु कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि कृषि कार्यों के लिए पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है उन्हें पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल उपलब्ध है कराया जा रहा है।उन्होंने आमजन से अपील की है कि भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न दें तथा पेट्रोलियम उत्पादों का अनावश्यक भंडारण (स्टॉकिंग) न करें, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे।

# बंद पड़े कलमठ बढ़ा रहे हैं मुसीबत, सड़कों में बहता पानी लोगों की बढ़ा रहा परेशानी



**लोहाघाट ।** सड़कों में पानी निकासी के लिए बनाए गए कलमठ लंबे समय से बंद पड़े है जिस कारण जल भराव होने से लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोहाघाट बाराकोट मुख्य सड़क में पाटन के कनेड़ा तोक में कलमठ बंद होने से बारिश का पानी सड़कों में बहता हुआ लोगों के घरों में घुस रहा है। क्षेत्र की युवा तरुण पाटनी ने बताया लंबे समय से कलमठ बंद पड़े हुए है पर लोक निर्माण विभाग को लिखित में सूचित कर समस्या के समाधान की मांग की गई पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है। उन्होंने बताया कलमठ बंद होने से लगातार हो रही बारिश का पानी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। बारिश होती है सड़क नदियों में तब्दील हो रही और लोगों के घरों में पानी घुस रहा है। जिस कारण जनता को कई मुसीबतें उठानी पड़ रही है।

उन्होंने बताया लोक निर्माण विभाग के द्वारा नालियों से मिट्टी हटाकर सिर्फ खाना पूर्ति की गई है। बंद पड़े कलमठ नहीं खोले गए है। उन्होंने कहा आगामी मानसून सीजन में यह बंद पड़े कलमठ लोगों की मुसीबतें बढ़ा सकते हैं। तरुण पाटनी व क्षेत्र वासियों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से जनता की सुरक्षा व जनहित को देखते हुए इन बंद पड़े कलमठ को खोलने की मांग की है ताकि मानसूनी सीजन में पानी की निकासी सुचारू तौर पर हो। लोगों ने बताया कई जगह कुछ लोगों के द्वारा कलमठ व नालियों को बंद किया गया है। लोगों ने प्रशासन से कलमठ व नालियों को खोलने की मांग की है।

# देहरादून में भाजपा की बड़ी रणनीतिक बैठक

## 70 विधानसभा सीटों पर जीत का खाका तैयार



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के प्रस्तावित तीन दिवसीय दौरे को लेकर संगठन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इस दौरे को चुनावी दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस दौरान प्रदेश की सभी 70 विधानसभा सीटों पर विस्तार से मंथन किया जाएगा। हाल ही में कराए गए संगठनात्मक सर्वे और नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह के नेतृत्व से कार्यकर्ताओं में बढ़े उत्साह के बाद अब यह बैठक रणनीति को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। बैठक में हर सीट पर संभावित उम्मीदवारों को लेकर गहन चर्चा होगी। मौजूदा विधायकों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए यह तय किया जाएगा कि उन्हें दोबारा मौका दिया जाए या नए और मजबूत चेहरों को मैदान में उतारा जाए। इसके अलावा, कुछ सीटों पर अन्य दलों के प्रभावशाली नेताओं को भाजपा में शामिल कर उन्हें टिकट देने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाएगा। भाजपा इस बार चुनाव से पहले ही हर सीट पर गहराई से तैयारी कर जीत की मजबूत रणनीति बनाने में जुटी है। देहरादून में होने वाली यह बैठक संगठन के लिए निर्णायक साबित हो सकती है।

# विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में शोध, शिक्षण और प्रयोगशालाएं की जायेंगी सुदृढ



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट को विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में शोध, शिक्षण कार्य एवं प्रयोगशाला को सुदृढ बनाने के लिए शासन से 4 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं।

वित्त अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि अब विश्वविद्यालय के परिसरों में शोध, शिक्षण कार्य को बेहतर करने एवं प्रयोगशालाओं में मूलभूत उपकरण जुटाने के लिए मदद मिलेगी। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट ने शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत करने पर माननीय मुख्यमंत्री उच्चशिक्षा मंत्री श और सचिव, उच्चशिक्षा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में केवल शिक्षण कार्य से ही पहचान नहीं बनाई जा सकती है। बल्कि विश्वविद्यालय की पहचान बनाने के लिए शिक्षण और शोध कार्य को बेहतर बनाना भी आवश्यक होता है। शोधार्थियों और विद्यार्थियों को बेहतर प्रयोगशालाओं की सुविधा उपलब्ध कराना भी आवश्यक होता है। अब शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि से शीघ्र ही विश्वविधालय के सभी परिसरों की प्रयोगशालाओं को बेहतर बनाया जाएगा, प्रयोगशालाओं में उपकरणों की कमी को पूर्ण करने, तथा शोध कार्य को बेहतर बनाने के लिए उपयोग किया जाएगा। ताकि किसी प्रकार की कोई कमी न रहे।

# एसएसजे विश्वविद्यालय में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा कार्यशाला शुरू

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (नमामि गंगे) उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग में तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशाला का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इसमें डॉ. गिरीश अधिकारी, हेमलता अवस्थी और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। योग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद भट्ट वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. गिरीश अधिकारी ने आकाश तत्व और उपवास चिकित्सा पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपवास चिकित्सा के माध्यम से शरीर के विषैले तत्व बाहर निकालकर कई रोगों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। द्वितीय सत्र में सूर्य किरण एवं रंग चिकित्सा का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगीन बोतलों के माध्यम से सूर्य की किरणों को जल, तेल और खाद्य पदार्थों में समाहित करने की प्रक्रिया सीखी। तृतीय सत्र में वायु चिकित्सा और मसाज थेरेपी पर जानकारी दी गई। इसमें प्राणायाम, प्रात: भ्रमण और मसाज चिकित्सा के माध्यम से अस्थि रोग, पैरालिसिस, पार्किंसन और जोड़ों के दर्द में राहत देने के उपाय बताए गए। हेमलता अवस्थी ने प्राकृतिक चिकित्सा को सुरक्षित और प्रभावी बताते हुए इसे जीवनशैली में अपनाने पर जोर दिया। वहीं लक्ष्मन कुमार सिंह ने कहा कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा वर्तमान समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बताया गया कि प्राकृतिक चिकित्सा और योग की पद्धतियां वेद, पुराण, उपनिषद और आयुर्वेदिक ग्रंथों में वर्णित हैं और आज भी उपयोगी हैं। कार्यशाला में योग विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रयोगात्मक गतिविधियों में रुचि दिखाई।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर व्यापारियों में आक्रोश

**अल्मोड़ा।** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के विरोध में व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि कीमत बढ़ने के बाद सिलेंडर के दाम तीन हजार रुपये के पार पहुंच गए हैं, जिससे होटल, रेस्टोरेंट संचालकों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अल्मोड़ा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील साह और जिला महामंत्री भैरव गोस्वामी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह निर्णय व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण छोटे व्यापारियों की स्थिति पहले से ही कमजोर है और अब गैस कीमतों में बढ़ोतरी से परेशानी और बढ़ जाएगी। उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता पहले ही बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान है, ऐसे में गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी वृद्धि लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में परिवहन लागत अधिक होने और संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण व्यापार करना पहले से ही चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में गैस कीमतों में वृद्धि स्थानीय व्यवसायों के लिए नुकसानदायक साबित होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि बढ़ती लागत के कारण व्यापारियों को उत्पादों और सेवाओं के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं, जिसका असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। व्यापार मंडल ने सरकार से मूल्य वृद्धि वापस लेने और कमर्शियल गैस सिलेंडरों पर सब्सिडी देने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय मुए-थाई चैंपियनशिप में भाग लेंगे अल्मोड़ा के 14 खिलाड़ी

**अल्मोड़ा।** जिले के 14 छात्र-छात्राएं उत्तराखंड राज्य स्तरीय मुए-थाई चैंपियनशिप-2026 में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता ऋषिकेश स्थित रेड फोर्ट इंटरनेशनल स्कूल के बॉक्सिंग एरेना में आयोजित होगी, जिसमें अंडर-8 से अंडर-18 आयु वर्ग तक के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कोच यशपाल भट्ट ने बताया कि नेशनल कराटे एवं मार्शल आर्ट एकेडमी अल्मोड़ा से 12 और दौलाघट से दो खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। अल्मोड़ा से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में मन्नत, माही बिष्ट, तनुश्री लटवाल, रजनी नेगी, कनिका सिजवाली, सिमरन सिजवाली, प्रियांशी गिनवाल, हर्षित भैंसोड़ा, योगेश सिंह सिजवाली, प्रखर सिजवाली, नितिश कुमार और तनुज लोहनी शामिल हैं। वहीं दौलाघट से आदित्य बिष्ट और सौरव सिंह भी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर जीवनधाम अल्मोड़ा की छात्राएं तनुश्री लटवाल, रजनी नेगी, कनिका सिजवाली और सिमरन सिजवाली भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। प्रदेश अध्यक्ष सतीश जोशी, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, विधायक मनोज तिवारी, जिला खेल अधिकारी महेशी आर्या, प्रधानाचार्या गोदावरी चतुर्वेदी, सचिव नीलेश जोशी, खिलाड़ी प्रज्ञा जोशी, दीपक नौटियाल, कमल जोशी, कुंदन सिंह समेत विभिन्न खेल प्रशिक्षकों और पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन सातवीं राष्ट्रीय यूथ मुए-थाई चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

# अल्मोड़ा के दो स्काउटरों को मिली एएलटी उपाधि

**अल्मोड़ा।** भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान पंचमढ़ी, मध्य प्रदेश में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उत्तराखंड के चार स्काउटरों ने असिस्टेंट लीडर ट्रेनर (एएलटी) की उपाधि प्राप्त की है। यह प्रशिक्षण 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित किया गया था, जिसमें उत्तराखंड से भी स्काउट्स ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के बाद अल्मोड़ा जिले से प्रमोद चंद्र कांडपाल और हरिश चंद्र सहित चार स्काउटरों को एएलटी उपाधि प्रदान की गई। प्रमोद चंद्र कांडपाल भारत स्काउट गाइड के ब्लॉक सचिव होने के साथ राजकीय इंटर कॉलेज आरासल्पड़ में शिक्षक भी हैं, जबकि हरिश चंद्र चौखुटिया ब्लॉक में काउंसलर हैं। इनके अलावा नैनीताल जिले से भुवन चंद्र सौंठा और चमोली से दीपक पुंडीर ने भी उपाधि हासिल की। चारों स्काउटरों को एएलटी उपाधि मिलने पर स्काउट गाइड के प्रांतीय और जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक पदाधिकारियों तथा राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि ये प्रशिक्षित स्काउटर बच्चों और शिक्षकों के बीच नई ऊर्जा का संचार करने के साथ अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में योगदान देंगे।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 6 बालिकाओं का चयन

**अल्मोड़ा।** कराटे संघ के महासचिव हरीश सिंह चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता 8 से 11 मई 2026 को मल्टीपरपज कराटे हाल, आमवाला, देहरादून में होगी। प्रतियोगिता सबजूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों की होगी। चयनित छात्रा दीक्षा गुरुरानी, निशा नेगी, प्रिया नेगी, पवित्रा नेगी, ज्योति, हेमा धानक, चौहान ने बताया की ब्लॉक लमगड़ा के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में स्थित विद्यालय राई कों पुभाऊं के वरिष्ठ शिक्षक ललित बिष्ट के विशेष आग्रह और सहयोग से विगत दिनों से विद्यालय की छात्राओं हेतु कराटे का प्रशिक्षण दिया गया।

# रुद्रपुर में जनसेवा अभियान में पहुंची फायर ब्रांड नेत्री डॉ. साध्वी प्राची

**जनसेवा ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र की सेवा, अभियान बेहद सराहनीय**



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** समाज सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में लंबे समय से निरंतर संचालित जनसेवा अभियान को आज एक नई दिशा और व्यापक विस्तार मिला, जब सनातन संस्कृति की प्रखर प्रवक्ता एवं फायर ब्रांड नेत्री डॉ. साध्वी प्राची तथा दूधिया बाबा आश्रम के पूज्य महंत महंत 108 श्री शिवानंद जी महाराज द्वारा संयुक्त रूप से इस जनसेवा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान डॉ. साध्वी प्राची का सभी कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं एवं जोरदार नारों के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एवं उनकी टीम के सभी सदस्यों द्वारा साध्वी प्राची एवं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपने ओजस्वी संबोधन में डॉ. साध्वी प्राची ने कहा कि समाज सेवा ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र सेवा है और जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से जनकल्याण के कार्यों में जुटा रहता है, वही वास्तविक रूप से धर्म और संस्कृति का पालन करता है। उन्होंने कहा कि प्रमोद मित्तल द्वारा लंबे समय से निरंतर चलाया जा रहा यह जनसेवा अभियान न केवल सराहनीय है, बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि प्रमोद मित्तल सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं और अपने पूर्वजों के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि प्रमोद मित्तल एडवोकेट एक ऐसे जनसेवक हैं, जो गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं तथा उनका यह सेवा भाव समाज के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के आयोजक एवं भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने इस अवसर पर सभी विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनसेवा अभियान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज का अभियान है। उन्होंने कहा हमारा संकल्प है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद अपने आपको अकेला न समझे। इस अवसर पर संस्कार भारती के संरक्षक कुशल अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि डॉ. कपिल शर्मा, उद्योगपति संजय गुप्ता, अधिवक्ता एसोसिएशन रुद्रपुर के सचिव एडवोकेट मनीष मित्तल, युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश कामरा, प्रियंका जोशी, एडवोकेट दीपिका मित्तल, एडवोकेट पूजा मित्तल, एडवोकेट उषा शर्मा, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष स्वाति शर्मा, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पिंकी चतुर्वेदी, ज्योति गर्ग, अनुज गर्ग, अग्रवाल युवा संगठन के महामंत्री अनुज अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, सुनील पचौरी, अनुराग शर्मा, डॉ. धीरू त्रिपाठी, अंकित शर्मा, राजेश ग्रोवर, अमित मित्तल, प्रवीण जैन थे।

# मजदूर दिवस पर श्रीनगर में एआईयूटीयूसी की सभा




**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन श्रीनगर गढ़वाल स्थित गोल पार्क में एआईयूटीयूसी द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और श्रमिकों ने भाग लेते हुए मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। सभा को संबोधित करते हुए बीएसएनएल के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पी.वी. डोभाल ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम कानून मजदूरों के हित में नहीं हैं, बल्कि उनके अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों में बदलाव के माध्यम से मजदूरों को कॉर्पोरेट घरानों के अधीन करने का प्रयास किया जा रहा है और ट्रेड यूनियनों को कमजोर किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता भरत सिंह असवाल ने भी मजदूरों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी कई स्थानों पर श्रमिक अमानवीय परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। वहीं मुकेश सेमवाल ने कहा कि एलपीजी संकट और बढ़ती महंगाई के कारण मजदूरों का जीवन और अधिक कठिन हो गया है। इसके चलते कई श्रमिक अपने गृह राज्यों की ओर पलायन करने को विवश हैं। बीएसएनएल ट्रेड यूनियन नेता गणेश प्रसाद काला ने मजदूर वर्ग की एकता को उनकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए श्रमिकों से संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक मजदूर एकजुट रहेंगे, तब तक उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान ट्रेड यूनियन नेताओं गणेश प्रसाद काला और प्रमोद कुमार ने श्रमिक गीतों के माध्यम से उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। वहीं एआईडीएसओ के सदस्यों ने भी जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका चौहान द्वारा किया गया। सभा में वक्ताओं ने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया।

# दोबांस में गुलदार ने दुधारू गाय और बछिया को बनाया निवाला

**पिथौरागढ़।** दोबांस गांव के तोक जिबलाखाली में सुबह आठ बजे दीपक जोशी अपनी गाय, बछिया और बकरियों को चराने जंगल ले जा रहा था। तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे गुलदार ने उसकी गाय और बछिया पर हमला करके उन्हें मार डाला। दीपक जोशी गाय का दूध बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। इस घटना के बाद दीपक के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दोबांस के पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख खीमराज जोशी ने वन विभाग को सूचित करके दीपक को मारे गए गोवंश का उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि दीपक जोशी की आर्थिक स्थिति दयनीय है। घटना के बाद गांववासियों में डर का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन गुलदार क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। इससे जन और पशु हानि का खतरा बना हुआ है और ग्रामवासी भयभीत हैं।

## ठेकेदार पर हमला और लूट, मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**देहरादून।** प्रेमनगर क्षेत्र के पौंधा इलाके में ठेकेदार देवराज पर बदमाशों ने हमला कर गोली मार दी और लूट की घटना को अंजाम दिया। बदमाश करीब दो लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन और लेन-देन से जुड़ी डायरी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहन का पीछा किया, जिसके बाद जंगल में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि दो अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश के कब्जे से एक पिस्टल, तमंचा और लूटी गई नकदी बरामद की गई है। इस कार्रवाई में एक पुलिस अधिकारी भी घायल हुआ है। पुलिस को आशंका है कि इस पूरी वारदात में किसी स्थानीय व्यक्ति की भूमिका हो सकती है, जिसने बदमाशों को ठेकेदार के पास नकदी होने की सूचना दी थी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## वेतन आयोग से की सेना की तरह सभी कर्मचारियों को वन रैंक वन पेंशन की मांग

**पिथौरागढ़।** सेवानिवृत्त पेंशन कार्मिक समता भव परिवार के संयोजक शिव विहार कॉलोनी न्यू रई निवासी डीएस भंडारी ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के निदेशक मनीष कुमार को पत्र भेजकर सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए सशस्त्र सैन्यकर्मियों की तरह समान पद समान वेतन की व्यवस्था लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने ही कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने बताया कि पुराने पेंशनर और नए पेंशनर जिनका पद समान है उनका वेतनमान समान होना चाहिए। लेकिन पुराने पेंशनर का वेतन कम और नए पेंशनर का वेतन अधिक है। जो न्यायसंगत नहीं है और संविधान में दिए गए समानता के मौलिक अधिकार का पूर्णतः उल्लंघन है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हालात इस कदर बदतर हो गए हैं कि वर्ष 2026 में सेवानिवृत्त समूह घ का कार्मिक वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक तथा कार्यालय के मुख्य लिपिक से अधिक मूल पेंशन एवं भत्ते प्राप्त कर रहा है। पहले इस तरह की विसंगति सशस्त्र सेवा के कार्मिकों के वेतन में भी थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें न्याय दिलाया और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर सरकार ने उनके लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की। अब सशस्त्र सेवा से बाहर के कार्मिकों को भी न्याय देने का वक्त आ गया है। डीएस भंडारी ने कहा कि अब समय आ गया है कि आठवां केंद्रीय वेतन आयोग भारतीय संविधान में प्रदत्त समानता के मौलिक आधार के अनुसार सभी कार्मिकों के लिए समान पद समान वेतनमान की व्यवस्था लागू करे।

## आयुष संघ में करोड़ों की वसूली पर सवाल, सीएम पोर्टल तक पहुंची शिकायत

**लालकुआँ ( गौरव गुप्ता )।** राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ उत्तराखंड में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। संघ के एक सदस्य द्वारा की गई शिकायत अब मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल तक पहुंच गई है, जहां मामले की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता डॉ. कपिल शर्मा ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2015 से 2025 तक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्ण सिंह नपच्याल सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा संघ की धनराशि का पारदर्शी लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया गया। इस दौरान न तो आंतरिक ऑडिट कराया गया और न ही उसकी रिपोर्ट अधिवेशन में रखी गई। शिकायत में वर्ष 2021-22 में संघ भवन निर्माण के नाम पर प्रत्येक सदस्य से 50 हजार रुपये वसूले जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। आरोप है कि यह राशि कई स्थानों पर स्वेच्छा के बजाय दबाव बनाकर एकत्र की गई। विभिन्न जनपदों से जुटाई गई कुल रकम करीब 2.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बार-बार जानकारी मांगने के बावजूद धनराशि के उपयोग को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। साथ ही सवाल उठाने पर दबाव बनाए जाने के भी आरोप लगाए गए हैं। मामले को मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जांच के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को पद से अलग रखा जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो। फिलहाल आयुष विभाग की ओर से इस प्रकरण पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन मामला उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद जांच की संभावनाएं बढ़ गई हैं।




## खोए मोबाइल बरामद कर बड़कोट पुलिस ने लौटाई मुस्कान

**उत्तरकाशी।** जनपद की बड़कोट पुलिस ने मोबाइल गुमशुदगी के मामलों में सराहनीय कार्य करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में कोतवाली बड़कोट में दर्ज मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान चलाया। पुलिस टीम द्वारा सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल तथा तकनीकी एवं फील्ड प्रयासों के माध्यम से करीब रुपये 2.5 लाख कीमत के 11 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोन को शुक्रवार को पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा द्वारा संबंधित स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

अपने खोए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी देखी गई। इस दौरान लोगों ने पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान किसान संगठन की मुआवजे की मांग

**लोहाघाट।** पर्वतीय क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। किसान कड़ी मेहनत से उगाई गई अपनी फसलों को तबाह होते देख मायूस है। किसानों को हुए इस भारी नुकसान पर भारतीय किसान यूनियन ( भानू) ने सरकार व प्रशासन से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का जल्द से जल्द मुआवजा देने व कृषि ऋण माफ करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष नवीन करायत व किसान नेताओं ने जिले में लगातार हो रही बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की पुलम , आड़ू, आम ,लीची, कीवी आदि के फल पूरी तरह नष्ट हो गए हैं इसके अलावा टमाटर, कद्दू , शिमला मिर्च, बैगन राजमा , गेहूं की फसल पूरी तरह तबाह हो चुकी है जंगलों में काफल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान नेताओं ने कहा लोहाघाट क्षेत्र के फोर्ती, गुड़मागल, सुई, बिसंग, खेतीखान व बाराकोट क्षेत्र में किसानों के द्वारा उगाई गई सब्जी व फलों को भारी नुकसान पहुंचा है। जिससे किसानों की कमर पूरी तरह टूट चुकी है।उन्होंने कहा सब्जी उत्पाद किसानों की आर्थिक का मजबूत आधार है पर ओलावृष्टि ने किसानों को बड़ी आर्थिक चोट पहुंचाई है। भारतीय किसान यूनियन ने सरकार व प्रशासन से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा देने व कृषि ऋण माफ करने की मांग की है।



मांग करने में भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष नवीन करायत ,जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर शाह, मीडिया प्रभारी मोहन चंद्र पांडे, गोपाल पुनेठा, शंकर बगोली, चंद्रशेखर राय, मोहन सिंह पाटनी आदि मौजूद रहे।

# ओपीएस बहाली को लेकर पौड़ी में उबाल

## कमिश्नरी घेराव कर कर्मचारियों का प्रदर्शन




**पौड़ी गढ़वाल,( अंकित उनियाल )।** गढ़वाल मंडल मुख्यालय पौड़ी में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को लेकर शिक्षक एवं कर्मचारियों का आक्रोश सड़कों पर नजर आया। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आयोजित विशाल रैली में प्रदेशभर से आए सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लेते हुए कमिश्नरी कार्यालय का घेराव किया और जोरदार प्रदर्शन किया। रैली की शुरुआत पौड़ी बस अड्डे से हुई, जो एजेंसी चौक और कंडोलिया होते हुए कमिश्नरी कार्यालय तक पहुंची। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से आंदोलन और संघर्ष के बावजूद सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले रही है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव तक ओपीएस बहाली पर निर्णय नहीं लिया गया, तो कर्मचारी वर्ग चुनाव में अपनी भूमिका तय करेगा। प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षित जीवन के लिए पुरानी पेंशन अत्यंत आवश्यक है। वहीं प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अल्प कार्यकाल में पेंशन मिलती है, जबकि वर्षों सेवा देने वाले कर्मचारी इससे वंचित हैं। मुख्य संयोजक जयदीप रावत ने कहा कि कर्मचारी अब उसी राजनीतिक दल का समर्थन करेंगे, जो अपने घोषणा पत्र में ओपीएस बहाली को शामिल करेगा। प्रदेश महिला अध्यक्षा रानीता विश्वकर्मा ने इसे परिवारों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा बताया। गढ़वाल मंडल अध्यक्ष शंकर भट्ट और मंत्री राजीव उनियाल ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था बाजार आधारित है, जिसमें निश्चित पेंशन की गारंटी नहीं है। कर्मचारी प्रतिनिधि सीताराम ने भी कर्मचारियों के सम्मान और सुरक्षा से जुड़ा विषय बताया। रैली में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों की भागीदारी भी देखने को मिली। साथ ही कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि गढ़वाल कमिश्नरी मुख्यालय होने के बावजूद यहां नियमित

# कमर्शियल सिलेंडर में भारी बढ़ोतरी पर होटल व स्ट्रीट फूड कारोबारियो ने जताई नाराजगी

**2197 से बढ़कर 3189 रुपया हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर,चाय से लेकर चाऊमीन, बटर चिकन से लेकर दाल फ्राई तक पड़ेगा असर,मिठाई कारोबारियो की पर्याप्त मात्रा में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग।**

**लोहाघाट।** पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद जिस बात की आशंका जताई जा रही थी आखिर वह सच हुई। रेस्टोरेंट और होटल मालिकों के लिए बुरी खबर है। 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी के बाद नई रेट लिस्ट जारी हो गई है। अब चंपावत जिले में भी होटल, ढाबा व स्ट्रीट फूड व्यापारियों को कमर्शियल गैस खरीदना महंगा हो गया है। लोहाघाट गैस एजेंसी प्रबंधक उमेश बिष्ट ने बताया लोहाघाट में 19 किलो कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 992 रुपए की बढ़ोतरी हुई है कमर्शियल सिलेंडर के दाम अब 2197 रुपए से बढ़कर 3189 रुपए हो गए हैं इसके अलावा 5 किलो के गैस सिलेंडर में भी 241 रुपए की बढ़ोतरी हुई है उन्होंने बताया अब 5 किलो गैस सिलेंडर के



दाम 611 रुपए से बढ़कर 852 रुपए हो गए है फिलहाल घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वही कामर्शियल सिलेंडरों के दामों में बेहतसा वृद्धि पर होटल कारोबारियों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए गहरी नाराजगी जताई है। होटल व मिठाई कारोबारियो ने कहा कामर्शियल सिलेंडरों में बेहताशा वृद्धि से उनके कारोबार में काफी ज्यादा असर पढ़ने जा रहा है। मजबूरी में अब उन्हें अपने उत्पादों में भी कीमतें बढ़ानी पड़ेगी कहा जिसका असर सीधे उपभोक्ताओं में पड़ेगा मिठाई कारोबारी संजय राज , पंकज ढेक, नरेश ढेक आदि ने कहा दाम बढ़ाने के बावजूद उन्हें कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे है। कहा कारोबारी से वादा किया गया था कि 10 या 15 दिन में आपको एक कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध किया जाएगा और अब मुश्किल से महीने में एक सिलेंडर उन्हें दिया जा रहा है ।जिस कारण उनका कारोबार काफी प्रभावित हो चुका है शादियों का सीजन चल रहा है लेकिन वह लोग भरपूर मात्रा में मिठाई तक नहीं बना पा रहे हैं । वही नगर के स्ट्रीट फूड व्यापारियों ने कहा इस गैस सिलेंडर में बड़ी वृद्धि ने उनकी कमर तोड़कर रख दी है अब उन्हें सिलेंडर के लिए पैसा जुटाना काफी मुश्किल होगा। अब कामर्शियल सिलेंडरों में बढ़ोतरी का असर कुछ दिनों बाद देखने को नजर आएगा। गैस बढ़ोतरी के कारण अब होटल ,रेस्टोरेंट व स्ट्रीट फूड के दामों में जल्द वृद्धि नजर आएगी। जिसका असर चाय से लेकर चाऊमीन/,बटर चिकन से लेकर दाल फ्राई /मोमो से लेकर मिठाई तक नजर आएगा। वही कारोबारियो ने प्रशासन से सीजन को देखते हुए महीने में चार कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है। लोग घरेलू रसोई गैस मे भी दाम बढ़ने की आशंका जता रहे है।

# भारतीय संस्कृति में पूजनीय नारी, पर संसद में अधूरी

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया:॥**

मनु स्मृति के इस सुप्रसिद्ध श्लोक का अर्थ है कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है, और जहां उनका सम्मान नहीं होता, वहां हर प्रयास निष्फल हो जाता है। इसी श्लोक के आलोक में जब हम भारतीय लोकतंत्र को देखते हैं, तो एक गहरी विडंबना सामने आती है। जिस देश में नारी को पूजनीय माना जाता है, उसी देश के लोकतंत्र के मंदिर (संसद) में उनकी भागीदारी बढ़ाने का प्रयास बार-बार हुआ, लेकिन हर बार यह प्रयास किसी न किसी मोड़ पर अटकता रहा। लगता है कि संसद एवं विधानसभाओं में, महिलाओं को आरक्षण देने का मुद्दा एक मृगमरीचिका बनता जा रहा है। हर बार विधेयक पेश होता है, इस पर हंगामा होता है और फिर यह विधेयक या तो वापिस ले लिया जाता है, या फिर गिर जाता है। इस मामले में तो पाकिस्तान भी भारत से आगे निकल गया, जहां कट्टरपंथियों का बोलवाला हैं, फिर भी वहां एक सैनिक शासक ने संसद और प्रांतीय विधानसभाओं में महिलाओं के लिये कुछ स्थान आरक्षित करवा दिये। भारत में महिलाओं को अधिकार दिये जाने के संघर्ष का एक लम्बा इतिहास रहा है। बीसवीं सदी के प्रारंभ से ही महिलाओं ने आजादी के आंदोलन में हिस्सेदारी की। अंग्रेजों के समय में जब चुनाव हुए तो उन्हें मतदान का समान अधिकार मिला। आजादी के बाद यह धारणा थी कि महिलाओं का विधायिका में अपने आप प्रतिनिधित्व बढ़ जाएगा, पर यह सम्भव नहीं हो सका। इंदिरा गांधी को तो राजनीति थाली में परोसी हुई ही मिली पर महिला आरक्षण की ओर उनका भी ध्यान नहीं गया। बीसवीं शताब्दी के अंत में महिलाओं के सामने यह तस्वीर साफ हो गई कि इस पुरुष प्रधान समाज में उनकी संख्या संसद एवं विधानसभाओं में सीमित ही रहने वाली हैं। नतीजे में कई महिला संगठनों तथा महिला नेत्रियों ने महिलाओं के आरक्षण की मांग बुलंद की। महिलाओं का एक बड़ा वोट बैंक है, इसलिये कोई भी नेता या राजनैतिक दल इस मांग का विरोध नहीं कर सका। पर इससे कई राजनैतिक दलों एवं नेताओं को अपने अस्तित्व एवं वर्चस्व पर संकट मंडराता नजर आने लगा। अपने आपको पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधि कहने वाले कई नेता और राजनैतिक दल इस आरक्षण के भीतर भी आरक्षण देने की मांग करने लगे। उनका कहना है कि महिलाओं को दिये जाने वाले इस आरक्षण में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया जाए। इधर कुछ नेताओं ने अल्पसंख्यक महिलाओं को आरक्षण दिये जाने की मांग कर डाली। एक सुझाव, यह भी आया कि राजनैतिक दलों को यह अनिवार्य कर दिया जाए कि उनके उम्मीदवारों में तैंतीस प्रतिशत महिलाएं हो।

बहरहाल आज यह विधेयक सूत की उस उलझी हुई डोरी की तरह बन गया है जिसका कोई ओर छोर या सिरा नजर नहीं आता है। इसमें भी दिलचस्प बात यह है कि महिला आरक्षण के मार्ग में अवरोध वे नेता और राजनैतिक दल खड़े कर रहे हैं, जो अपने आपको महात्मा गांधी एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया का अनुयायी कहते है। डॉ. लोहिया तो यहां तक कहते थे कि राजनीति में ही नहीं सामाजिक जीवन में भी महिलाओं को दूसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है। उनकी मान्यता थी कि भारतीय नारी सदियों से शोषण का शिकार रही है। पर विडम्बना देखिये पहले डॉ. राम मनोहर लोहिया को अपना आदर्श मानने वाले मुलायम सिंह यादव ने महिला आरक्षण का विरोध किया और अब एक दशक के बाद उनके पुत्र भी महिला आरक्षण विधेयक का सर्वाधिक विरोध कर रहे है। वे इस विधेयक के विरोध के माध्यम से पिछ? वर्ग के अपने वोट बैंक को और मजबूत करना चाहते है। नेताओं के सामने यह संकट भी खड़ा है कि यदि इस विधेयक के पारित होने से,वे जिस सीट से बाहुबल, जातिगत समीकरण या व्यक्तिगत प्रभाव के कारण जीतते रहे हैं, यदि वह महिला के लिये आरक्षित हो गई तो उनका क्या होगा? हर नेता लालू यादव जैसा तो नहीं हो सकता कि अपना उत्तराधिकारी अपनी पत्नी को घोषित कर दे संसद में महिला आरक्षण की इस पूरी यात्रा को ध्यान से देखें, तो एक महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आता है। महिला आरक्षण को आगे बढ़ाने की सबसे ज्यादा सक्रिय पहल भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले दौर में दिखाई देती है। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998, 1999, 2002 और 2003 में लगातार इस विधेयक को आगे बढ़ाने की कोशिशें हुईं। विरोध, हंगामे और राजनीतिक टकराव के बावजूद इन प्रयासों को बार-बार दोहराया गया। इसके बाद 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में संसद के दोनों सदनों से पारित कराया गया। यह वह क्षण था, जब दशकों से अटका मुद्दा पहली बार निर्णायक रूप से आगे बढ़ा। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर नरेन्द्र मोदी तकयह पूरा क्रम यह संकेत देता है कि भारतीय जनता पार्टी लगातार महिलाओं को राजनीतिक हिस्सेदारी देने के पक्ष में खड़ी रही है और प्रयासों का सिलसिला इस बात का साक्ष्य भी है। 1996 में पटल पर रखे जाने से लेकर साल 2010 में राज्यसभा से पास होने तक महिला आरक्षण विधेयक कई बार सदन से ठुकराया गया। इसका सिलसिला 12 सितंबर 1996 से शुरू होता है। बिल को पटल पर रखा गया, तबविरोध के कारण यह पास नहीं हो सका, फिर बिल को वाजपेयी सरकार में पटल पर लाया गया था, लेकिन उस साल भी बात नहीं बनी। इसी तरह 1999, 2003, 2004 और 2009 में बिल के पक्ष में माहौल नहीं बन सका, लिहाजा ये विधेयक पास नहीं हो सका। 12 सितंबर 1996 को महिला आरक्षण विधेयक को पहली बार एचडी देवगौड़ा सरकार ने 81वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में संसद में पेश किया। इसके बाद ही देवगौड़ा सरकार अल्पमत में आ गई और 11वीं लोकसभा को भंग कर दिया गया। विधेयक को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सांसद गीता मुखर्जी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया। इस समिति ने 9 दिसंबर 1996 को लोकसभा को अपनी रिपोर्ट पेश की। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 26 जून 1998 को महिला आरक्षण विधेयक 12वीं लोकसभा में 84वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश किया, लेकिन पास नहीं हो सका। इसके बाद वाजपेयी सरकार अल्पमत में आ गई और 12वीं लोकसभा भंग हो गई। 22 नवम्बर 1999 को एनडीए सरकार ने 13वीं लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक को फिर से पेश किया, लेकिन इस बार भी सरकार इस पर सभी को सहमत नहीं कर सकी।साल 2002 और 2003 में बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक पेश किया, लेकिन कांग्रेस और वामदलों के समर्थन के आश्वासन के बावजूद सरकार इस विधेयक को पारित नहीं करा सकी। मई 2004 में कांग्रेस की अगुवाई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने अपने न्यूनतम साझा कार्यक्रम में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के इरादे का ऐलान किया। -**अंजनी सक्सेना**

# पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने पुलिस चौकी में किया आत्मसमर्पण

**पिथौरागढ़।** जिले के कनालीछीना क्षेत्र से सटे नेपाल सीमा के निकट एक गांव में पति द्वारा पत्नी की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। द्वालीसेरा गांव में हुई इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, द्वालीसेरा निवासी भुवन प्रसाद (42 वर्ष) ने अपनी पत्नी गीता देवी (38 वर्ष), जो आशा कार्यकर्ता थीं, की हत्या कर दी। दोनों एक विवाह समारोह से लौटे थे, जिसके बाद किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी के मोबाइल पर बातचीत को लेकर संदेह था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और गुस्से में उसने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के समय आरोपी के



शराब के नशे में होने की भी बात सामने आई है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने शोर सुनकर पुलिस को सूचना दी। वहीं आरोपी स्वयं पीपली पुलिस चौकी पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुरेश कम्बोज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया है तथा फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी केएस रावत के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका के मोबाइल पर विभागीय कार्य से जुड़े कॉल आते थे, जिसे लेकर आरोपी को गलतफहमी हो गई थी। कॉल डिटेल की जांच में किसी भी प्रकार के संदिग्ध संपर्क की पुष्टि नहीं हुई है।

मृतका के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें से एक बेटा और एक बेटी विवाहित हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस वारदात के बाद जहां एक ओर विवाह का माहौल मातम में बदल गया, वहीं पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के उपलक्ष्य पर हुआ कार्यक्रम

**पिथौरागढ़।** अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के उपलक्ष्य पर ग्रीन बुक स्मार्ट स्कूल, पंडा, पिथौरागढ़ द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने डॉक्टर, शिक्षक, अधिवक्ता, नर्स, पुलिस, आर्मी आदि की वेशभूषा धारण करके शहर के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। बच्चों ने जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं से मुलाकात की, साथ ही जिला अस्पताल में चिकित्सकों एवं नर्सों से तथा ट्रैफिक पुलिस से मुलाकात की और उनके कार्यों को जाना। साइबर सिक्योरिटी सेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा आईटीबीपी कैंप में जाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद स्वरूप ग्रीटिंग कार्ड एवं पुष्प भेंट किए और उनके कार्यों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। सभी लोगों ने बच्चों के इस प्रयास पर खुशी जताते हुए उनको धन्यवाद दिया। इन गतिविधियों के



माध्यम से विद्यालय के बच्चों को प्रैक्टिकल नॉलेज के साथ साथ फील्ड विजिट का अनुभव प्राप्त हुआ। अधिकारियों से बातचीत कर उन्होंने उनके कार्यों, जिम्मेदारियों और विशेष रूप से साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी हासिल की। बच्चों के साथ ऋतु डिमरी एवं मनोज पाण्डेय भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक मनमोहन कोश्यारी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाते हैं और उन्हें वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।

## कुमाऊं यूनिवर्सिटी में नए सत्र की शुरुआत, समर्थ पोर्टल पर आवेदन का मौका

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक छात्र अब समर्थ पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रवेश प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से होगी, जिससे छात्रों को घर बैठे आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक दस्तावेज, फोटो और अन्य जरूरी जानकारी सावधानी से भरनी होगी। प्रवेश प्रक्रिया मेरिट के आधार पर तय की जाएगी, जबकि कुछ विशेष कोर्सों के लिए इंटरव्यू या प्रवेश परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है। आवेदन की अंतिम तिथि विश्वविद्यालय द्वारा तय की गई है, इसलिए छात्रों को समय रहते आवेदन पूरा करने की सलाह दी गई है। विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही काउंसलिंग और दस्तावेज सत्यापन की तिथियां भी जारी की जाएंगी। ऐसे में अभ्यर्थियों को नियमित रूप से आधिकारिक पोर्टल पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है।

# आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए वाटरलू साबित होंगे: धीरेंद्र प्रताप

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने स्वराज आश्रम में मीडिया से बातचीत करते हुए दावा किया कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए वाटरलू साबित होंगे। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि तथाकथित महिला वंदन बिल केवल एक ढकोसला है और इसका वास्तविक लाभ महिलाओं तक नहीं पहुंच रहा है। धीरेंद्र प्रताप, जो स्वयं एक राज्य आंदोलनकारी रहे हैं, ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के साथ विश्वासघात हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलनकारियों के लिए बनाए गए संरक्षण कानून और 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को कमजोर कर दिया गया है, जिससे हजारों आंदोलनकारी परिवार खुद को



ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार कैबिनेट में बड़े फैसले का आश्वासन देती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।इस दौरान धीरेंद्र प्रताप ने प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में घोटाले, युवाओं के गायब होने की घटनाएं, चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की मौतें, इन सभी को उन्होंने राज्य के लिए चिंता और शर्म का विषय बताया। अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक वीआईपी का खुलासा नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। नैनीताल हाईकोर्ट में लंबित मुजफ्फरनगर कांड पर उन्होंने कहा कि यदि दोषियों को सजा नहीं मिली, तो आंदोलनकारी चुप नहीं बैठेंगे और संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने उत्तराखंड क्रांति दल से अपील की कि भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस में विलय पर विचार करें। कहा कि दोनों दलों की विचारधारा में ज्यादा अंतर नहीं है और यदि एकजुट होते हैं, तो भाजपा की हार निश्चित है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि क्रांति दल के कुछ विधायक जीत भी जाते हैं, तो भाजपा उन्हें कमजोर करने में देर नहीं लगाएगी, जैसा अन्य दलों के साथ हुआ है।

## पदोन्नति पर सम्मानित हुए पुलिसकर्मी

**उत्तरकाशी ।** हेड कांस्टेबल सुभाष चंद्र एवं हेड कांस्टेबल अमित कुमार को अपर उपनिरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय एवं पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार द्वारा दोनों जवानों को पदचिह्न (बैज) अलंकृत किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दोनों पदोन्नत अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नई जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों को बधाई दी।

## मोरियाना टॉप पर टेंपो ट्रैवलर पलटा, टिहरी पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**लबंगांव।** जनपद टिहरी गढ़वाल के थाना छाम क्षेत्रांतर्गत मोरियाना टॉप के पास एक टेंपो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आपातकालीन सेवा 112 के माध्यम से सूचना मिलते ही थाना छाम पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि वाहन का ब्रेक फेल होने के कारण टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में सवार यात्रियों में से तीन लोगों को सामान्य चोटें आई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को निजी वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सभी घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वाहन में सवार सभी यात्री दिल्ली निवासी हैं, जो मसूरी से गंगोत्री की ओर यात्रा कर रहे थे। शेष यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था कर उन्हें सुरक्षित गंतव्य की ओर भेजने की कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर यातायात व्यवस्था को सुचारु किया तथा आमजन को सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। टिहरी गढ़वाल पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पर्वतीय मार्गों पर यात्रा के दौरान वाहन की तकनीकी स्थिति की पूर्व जांच अवश्य करें और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं।



## नवोदय गैरसैंण प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, 30 मेधावी छात्र चयनित


**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**चमोली।** चमोली। प्रतिष्ठित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा का परिणाम उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) द्वारा घोषित कर दिया गया है। 15 मार्च को आयोजित इस परीक्षा में कुल 30 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है, जिनमें 15 बालक एवं 15 बालिकाएँ शामिल हैं। चयनित विद्यार्थियों में 24 ग्रामीण क्षेत्रों तथा 6 शहरी विद्यालयों से हैं, जो ग्रामीण प्रतिभाओं की मजबूत भागीदारी को दर्शाता है। विकासखंडवार चयन में दशोली से सर्वाधिक 7 छात्र, देवाल व गैरसैंण से 6-6, थराली से 4, जबकि नारायणबगड़, ज्योतिर्मठ और नंदानगर से 2-2 तथा पोखरी से 1 छात्र चयनित हुआ है। विद्यालयवार प्रदर्शन में 23 छात्र-छात्राएँ सरकारी विद्यालयों से तथा 7 निजी विद्यालयों से चयनित हुए हैं। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय देवाल से सर्वाधिक 4 छात्र, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मैठाणा-2 से 3 तथा सरस्वती शिशु मंदिर देवाल से 2 छात्र चयनित हुए हैं। प्रवेश परीक्षा में विहान खत्री (रा.आ.प्रा.वि. देवाल) ने 89 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय के मयंक कन्यारी ने 87 अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा अर्चना (रा.प्रा.वि. कंडारीखोड़ तल्ला, गैरसैंण) ने 86 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। नंदनी, पावनी सनवाल, सुहानी, पीयूष गुसाईं, पारस रावत, सात्विक सती, आयुष कुमार, मोनिका मिश्रा, विहान खत्री, मयंक कन्यारी, दक्ष, भावेश, नेहा, अर्चना, पूजा, निधि, अंशु, वैभव साह, अरुण कुमार, गुंजन, अंशुला, श्रेया भट्ट, अनुराग राणा, वैभवी, आदित्य, धैर्य रावत, सूर्य पुरोहित, शालिनी, अंशुमान, आदित्य।



## रुद्रपुरः शादी में तलवार लेकर डांस, रोकने पर देवर-भाभी पर हमला

**रुद्रपुर ।** बगवाड़ा भट्टा क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय हंगामे में बदल गया, जब कुछ युवक नशे की हालत में डीजे पर तलवार लेकर डांस करने लगे। देर रात हुए इस घटनाक्रम से समारोह में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।




स्थानीय निवासी राजू के अनुसार, उन्होंने और उनकी भाभी लक्ष्मी ने युवकों को ऐसा खतरनाक कृत्य करने से रोका, तो वे गाली-गलौज पर उतर आए। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए यशपाल को भी नहीं बख्शा गया और उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने तलवार से हमला कर तीनों को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद समारोह में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पांच नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।